# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड

कृषि प्रबन्ध संस्थान परिसर, दुर्गापुरा, जयपुर–302018
www. rsmsssb.rajasthan.gov.in दूरभाष नं. 0141–2722520

क्रमांकः–प.14(119)RSSB /अर्थना / कृ.आयुक्त. / कृ.पर्य. / भर्ती / 2023 / दिनांकः–यथा हस्ताक्षर

**–:: कार्यालय आदेश ::–**

**कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती 2023**
**हेतु सूचीबद्ध अभ्यर्थियों की पात्रता जांच**

बोर्ड द्वारा कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती–2023 के गैर अनुसूचित क्षेत्र के 385 एवं अनुसूचित क्षेत्र के 45 कुल 430 पदों हेतु परीक्षा दिनांक 04.02.2024 को आयोजित की गयी थी। बोर्ड द्वारा उक्त भर्ती का परीक्षा परिणाम दिनांक 18.06.2024 को जारी कर लगभग **दो गुना (200 प्रतिशत) (कुल 879)** अभ्यर्थियों को पात्रता की जांच एवं दस्तावेज सत्यापन हेतु अनंतिम रूप से (Provisionally) सूचीबद्ध किया गया था। इन सूचीबद्ध अभ्यर्थियो की पात्रता की **जांच एवं दस्तावेजों का सत्यापन कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर** द्वारा करवाया जाएगा। पात्रता की जांच के पश्चात पात्र पाये गये अभ्यर्थियों मे से वरीयता के आधार पर श्रेणीवार रिक्त पदों के विरूद्ध अभ्यर्थियों का अंतिम चयन किया जायेगा।

अतः सूचीबद्ध सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा** फार्म दिनांक **22.08.2024 से 28.08.2024** तक खोला जाएगा। **ऑनलाईन विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा** फार्म के साथ मूल दस्तावेज आवश्यक रूप से ऑनलाईन अपलोड किये जाने है तथा अभ्यर्थियो द्वारा निर्धारित शुल्क का भुगतान भी ऑनलाईन ही किया जाएगा। अभ्यर्थी उक्त विस्तृत आवेदन को भरने के लिए उक्त दिनांक तक **https://sso.rajasthan.gov.in > RECRUITMENT PORTAL > MY RECRTUITMENT > DETAILED FORM CUM SCRUTINY** पर जाकर कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती–2023 के लिंक के सामने APPLY NOW के माध्यम से विस्तृत आवेदन ऑनलाईन भरें तथा निर्धारित शुल्क 100/– रूपये ऑनलाईन भुगतान करें।

दस्तावेज सत्यापन हेतु विस्तृत कार्यक्रम **आयुक्त कृषि, कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर द्वारा उनकी वेबसाईट dta.rajasthan.gov.in** पर पृथक से जारी किया जावेंगा।

अभ्यर्थी ऑनलाईन विस्तृत आवेदन के साथ निम्नलिखित आवश्यक मूल दस्तावेज को ही स्केन करवाकर रंगीन स्केन्ड दस्तावेज ही अपलोड करना सुनिश्चित करें:–***(नोटः ई–मित्र कियोस्क द्वारा गलत सूचना/दस्तावेज अपलोड किये जाने की स्थिति में यदि आवेदक की पात्रता प्रभावित होती है तो इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आवेदक/अभ्यर्थी की ही होगी। अतः यह सलाह दी जाती है कि विस्तृत आवेदन Final Submit करने से पूर्व, दर्ज की गयी सूचनाओं एवं अपलोड किये गए दस्तावेजों का मिलान अभ्यर्थी स्वयं कर लें। इसमें बाद में किसी प्रकार का संशोधन स्वीकार नहीं किया जाएगा।)***

1. अंकपत्र – सैकण्डरी
2. प्रमाणपत्र/उपाधि – सैकण्डरी
3. अंकपत्र – सीनियर सैकण्डरी
4. प्रमाणपत्र/उपाधि – सीनियर सैकण्डरी
5. अंकपत्र – स्नातक (बीएससी0 (कृषि)/ बीएससी0 (कृषि–उद्यान) ऑनर्स /बीएससी0/अन्य स्नातक डिग्री)(सभी वर्षों/सेमेस्टर की अंक तालिकाएं क्रम से अपलोड की जानी आवश्यक है)

Signature valid

RajKaj Ref
9872229

Digitally signed by B... Chand Badhal
Designation : ...ary
Date: 2024.08.2... 1:29:05 IST
Reason: Approved

6. प्रमाणपत्र / उपाधि – स्नातक (बीएससी0 (कृषि) / बीएससी0 (कृषि–उद्यान) ऑनर्स /बीएससी0 / अन्य स्नातक डिग्री)
7. अंकपत्र – अधिस्नातक (एम0ए / एम0कॉम / एम0एस0सी0 / एम0टैक /...............................)(सभी वर्षों / सेमेस्टर की अंक तालिकाएं क्रम से अपलोड की जानी आवश्यक है)
8. प्रमाणपत्र / उपाधि – अधिस्नातक (एम0ए / एम0कॉम / एम0एस0सी0 / एम0टैक /...............................)
9. प्रमाणपत्र / उपाधि – डिप्लोमा / प्रमाण पत्र
10. मूल निवास (गैर–अनुसूचित क्षेत्र के लिए) / विशेष मूल निवास प्रमाण पत्र (अनुसूचित क्षेत्र के लिए)
11. जाति प्रमाण पत्र (आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / अनुसूचित जाति / अनूसूचित जनजाति / अन्य पिछडा वर्ग / अति पिछडा वर्ग के लिए अन्य पिछडा वर्ग का प्रमाण पत्र जिसमें अति0 पिछडा वर्ग में सम्मिलित जातियों का नाम हो, आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र)
12. अन्य प्रमाण पत्र – दिव्यांगजन श्रेणी हेतु दिव्यांगता प्रमाण पत्र / उत्कृष्ट खिलाडी हेतु खेल प्रमाण पत्र / विधवा (पति की मृत्यु का प्रमाण पत्र) / परित्यक्ता (सक्षम न्यायालय द्वारा पारित डिक्री) / संतान संबंधी शपथ पत्र / भूतपूर्व सैनिक हेतु (पी.पी.ओ. डायरी / एन.ओ.सी.) / राजकीय कर्मचारी (सेवा प्रमाण पत्र व एन.ओ.सी.) एवं चरित्र प्रमाण पत्र (02 राजपत्रित अधिकारियों से सत्यापित)
13. शपथ पत्रः– जाति प्रमाण पत्र के संबंध में (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार)(स्टाम्प पर, नोटेरी से सत्यापित)
14. हस्तलिपिः– (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार) (स्वयं प्रमाणित)
15. शपथ पत्रः– उपरोक्त दस्तावेज स्वयं द्वारा जांच कर अपलोड करवाये जाने एवं फर्जी / कूटरचित (forged) दस्तावेज पाये जाने पर आवश्यक कार्यवाही किये जाने के संबंध में शपथ पत्र। (बोर्ड की वेबसाइट पर Candidate corner में उपलब्ध प्रारूप के अनुसार)(स्टाम्प पर, नोटेरी से सत्यापित)

**पात्रता की जांच हेतु निम्न बातों का विशेष रूप से ध्यान रखा जावें :–**

01. विस्तृत आवेदन भरने से पूर्व बोर्ड की वेबसाईट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर "अंतिम चयन हेतु विस्तृत आवेदन सह परिनिरीक्षा प्रपत्र भरने हेतु आवेदकों के लिये आवश्यक निर्देश" एवं कृषि पर्यवेक्षक सीधी भर्ती–2023 के लिये दिनांक 10.07.2023 को जारी विज्ञापन संख्या 06 / 2023 का ध्यानपूर्वक अध्ययन कर ले।

02. दस्तावेज सत्यापन हेतु अभ्यर्थी द्वारा स्व–प्रमाणित शपथ पत्र दिया जाएगा कि ऑनलाईन अपलोड किये गये समस्त दस्तावेज उनकी जानकारी में सही है एवं कूटरचित (forged) नहीं है। सभी दस्तावेज ऑनलाईन उपलब्ध Check List क्रम में ही अपलोड करें। कूटरचित (forged) दस्तावेजों के प्रकरणों में संबंधित विभाग द्वारा अभ्यर्थी के विरूद्ध FIR दर्ज करायी जाएगी।

03. दस्तावेज सत्यापन के समय हस्तलिपि की जांच हेतु हिन्दी एवं अंग्रेजी भाषा में अभ्यर्थी द्वारा स्वहस्तलिखित पैराग्राफ अपलोड करें। **विस्तृत आवेदन में अपलोड की जाने वाली फोटो एवं आवेदन में अपलोड की गई फोटो समान होनी चाहिए। हस्ताक्षर, आवेदन में किये गये हस्ताक्षर के समान होने चाहिए।**

04. एक पीडीएफ में एक ही (प्रकार का) दस्तावेज क्रम में (अंक तालिका प्रथम, प्रथम की पूरक (यदि हो तो) द्वितीय, तृतीय, ... सेमेस्टर / वर्ष आदि) स्कैन करे। अलग अलग प्रकार के दस्तावेज निर्धारित स्थान पर ही अपलोड करें, गलत विकल्प में गलत दस्तावेज अपलोड करने पर आवेदन निरस्त किया जा सकेगा। अभ्यर्थी समस्त दस्तावेज न्यूनतम 500 KB से अधिकतम 2MB (color) size में Flate Scanner/Computer Scanner से रंगीन स्कैन कर pdf अपलोड करें। Black & White / Grayscale/ Blur / Filter लगाए गये अथवा मोबाइल से स्कैन किये गये टेडे–मेडे एवं वाटरमार्क तथा ऑनलाईन WebTools का प्रयोग कर Srink किये गये, अस्पष्ट दस्तावेज के pdf मान्य नही किये जाएंगे। अतः आवेदन में समस्त सूचनाएं पूर्ण विवेक से सोच समझ कर भरें तथा जांच कर दस्तावेज अपलोड करें। अभ्यर्थियों को उक्त में त्रुटि होने पर किसी प्रकार का पत्राचार नही किया जाएगा, ना ही सुधार का अन्य कोई अवसर प्रदान किया जाएगा।

Signature valid

RajKaj Ref
9872229

Digitally signed by B g Chand
Badhal
Designation : ary
Date: 2024.08.2 1:29:05 IST
Reason: Approved

5. <u>ऑनलाईन पोर्टल से संबंधित किसी भी तकनीकी समस्या के लिए बोर्ड के दूरभाष संख्या 0141–2722520 अथवा 2722521 पर संपर्क करें। पात्रता जांच एवं दस्तावेजों के संबंध में विभाग के दूरभाष संख्या 0141–2227342 तथा ईमेल आईडी adagr.admn.agri@rajasthan.gov.in पर सम्पर्क करें।</u> समस्त अभ्यर्थियों को निर्देशित किया जाता है कि आवेदन पत्र में भरे गये मोबाइल, ईमेल एवं बोर्ड की वेबसाईट httsp://rsmssb.rajasthan.gov.in/ https://rssb.rajasthan.gov.in एवं **कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर** की वेबसाईट https://agriculture.rajasthan.gov.in का नियमित अवलोकन करते रहें तथा समय–समय पर जारी दिशा निर्देशों का पालन करें। उक्त प्रक्रिया में किसी भी अभ्यर्थी द्वारा गलत सूचना/दस्तावेज प्रस्तुत किये जाने पर पात्रता पर विचार नहीं किया जाएगा। बोर्ड द्वारा जारी निर्देशों की पालना के अभाव में यदि किसी भी अभ्यर्थी की पात्रता प्रभावित होती है तो इसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की ही होगी।

6. समस्त अभ्यर्थियों को यह भी निर्देशित किया जाता है कि दस्तावेज सत्यापन हेतु संबंधित विभाग द्वारा तिथि घोषित किये जाने की सूचना प्राप्त किये जाने हेतु **आयुक्त कृषि, कृषि आयुक्तालय, राजस्थान, जयपुर** की वेबसाईट **<u>https://agriculture.rajasthan.gov.in</u>** का निरंतर अवलोकन करते रहें।

**(डॉ. बी. सी. बधाल)**
**सचिव**

Signature valid

RajKaj Ref
9872229

Digitally signed by Bhag Chand Badhal
Designation : Secretary
Date: 2024.08.21 11:29:05 IST
Reason: Approved